# The Ano Rectal Clinic

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता


एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ

7388913338
8005423919

www.anorectalclinic.com



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई




गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर

सिकलापुर, बरेली

9897245877




शहर में सत्यनारायण मंदिर के बाहर वाहनों को रोकने के लिए लगे बैरियर पर तैनात पुलिस।



शिवालय में दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

# महाशिवरात्रि: शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## ब्रह्म मुहूर्त से मंदिरों में लगने लगीं श्रद्धालुओं की लाइनें, देर शाम तक जुटी रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व के दिन शुक्रवार को शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में शिव की आराधना की। शुक्रवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त से शिवालयों में भक्तों की लाइनें लगने लगीं, जो दोपहर तक बढ़ती चली गईं। दोपहर बाद भीड़ कुछ कम हुई, लेकिन शाम को फिर श्रद्धालु उमड़ने लगे, जो रात तक जारी रही। कुछ मंदिरों में मध्य रात्रि से ही जलाभिषेक शुरू हो गया था। गौरी शंकर मंदिर कमेटी और महंत के अनुसार इस बार महाशिवरात्रि पर करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेकने पहुंचे। भीड़ को देखते हुए पुलिस के साथ अफसर भी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए।

शहर के गौरीशंकर मंदिर, अर्द्धनारीश्वर मंदिर, दूधिया मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, बल्लभ नगर कॉलोनी स्थित शिव मंदिर आदि शिवालयों में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। शहर के गौरीशंकर मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए।

सुबह चार बजे से ही गौरीशंकर मंदिर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। जैसे-जैसे सूरज का पारा चढ़ता गया वैसे-वैसे मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ता गया। दोपहर 12 बजे तक करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन को पहुंच चुके थे। आलम यह था कि मंदिर प्रागंण के अलावा सड़क तक लाइन लगी रही। लाइन में लगे हर कोई भगवान शिव की आराधना में लीन दिखा। शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक करने के साथ बेलपत्र, चंदन, धतूरा, शहद, बेर और फूल चढ़ाकर पूजन किया। रुद्राभिषेक भी कराए गए। फूलों और प्रसाद की दुकानों पर लगी रही। शाम छह बजे गौरी शंकर



शहर के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में पूजा अर्चना और जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- **बम-बम भोले के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल, शाम को महाआरती की गई**

मंदिर का नजारा देखते बन रहा था। रंग बिरंगी रोशनी मंदिर में अपनी एक अलग छटा बिखेर रही थी। देर रात तक मंदिर प्रागंण में श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। इसके बाद मंदिर में लगाए गए डीजे की धुन पर शिवभक्त झूमते रहे। महंत जय शंकर शर्मा ने बाबा की श्रृंगार आरती की। जिसमें श्रद्धालुओं ने शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण कराया गया।

काशीराम ईदगाह कॉलोनी में श्री बालाजी ब्रह्म संकीर्तन दरबार में महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा भोलेनाथ का दरबार सजाया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दरबार के महंत विशाल सेवक ने बाबा का भव्य श्रृंगार कर पूजा अर्चना की। इसके बाद भजन संध्या हुई। फिर आरती कर बाबा का भोज लगाया गया।

इस दौरान भंग का प्रसाद भी वितरण किया गया। इस दौरान रवि, मुकेश, मोहक, अनुज, विशाल आदि लोग शामिल रहे। महाशिवरात्रि पर मोहल्ला इनायतगंज स्थित शिव मंदिर पर श्रद्धालु सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गए। पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। भोले की भक्ति में लीन होकर झूमे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



स्टेशन रोड पर अर्द्धनारीश्वर मंदिर के बाहर दुकान से फूल खरीदते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### आयुर्वेदिक कॉलेज से मंदिर तक मुस्तैद रही पुलिस

महाशिवरात्रि के पर्व पर मंदिर से लेकर आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा तक भारी पुलिस बल तैनात रहा। जहां करीब 100 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के अलावा दो स्थानों पर बैरियर लगाए गए थे। ताकि बड़े वाहन और ई-रिक्शा की एंट्री न हो सके। भीड़ को देखते हुए बाइक को ही सत्यनारायण मंदिर तक जाने की अनुमति दी गई। दुपहिया वाहनों को ब्रह्मचारी घाट रूट पर लगवाया गया। ताकि की जाम की स्थिति पैदा न हो। इसके अलावा मंदिर में भी चारों गेट पर पुलिस बल लगा रहा। महिला और पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगवाकर ही दरबार में प्रवेश दिया गया। सीओ दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी भ्रमणशील रहे।

### बरखेड़ा में रामचरित मानस का पाठ हुआ

बरखेड़ा महाशिवरात्रि के मौके पर गांधी आश्रम के सामने स्थित शिव मंदिर पर गुरुवार को रामचरितमानस पाठ शुरू कराया गया था, जिसका शुक्रवार को समापन किया गया। भक्तों ने हवन कराया और आरती की गई। कस्बे के पंडित देवदत्त शर्मा जनता इंटर कॉलेज में स्थित शिव मंदिर, मोहम्मदगंज अमखिडिया के शिव मंदिर, गांव नरायनठेर, पौटा कला, गाजीपुर मुगल, भोपतपुर, करोड़, दौलतपुर पट्टी, गुलडा आदि में भी शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक किया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान पुलिस बल के साथ गश्त पर रहे। गांव डडिया भगत में धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई।



गौरीशंकर मंदिर में जलाभिषेक करतीं महिलाएं।




महाशिवरात्रि पर शहर में निकाली गई शिव बरात। ● अमृत विचार

### शिव बरात में शामिल भूत-प्रेत के स्वरूपों ने किया तांडव

महाशिवरात्रि पर शिव बरात शेरों वाली मठिया से शुरू होकर देर रात गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच बैंडबाजा के साथ बारात निकाली गई। बरात की शुरुआत शाम पांच बजे शेरों वाली मठिया से शुरू हुई। इसके बाद अग्रवाल सभा भवन होते हुए रंगीलाल चौराहा पहुंची। वहां से चूड़ी वाली गली होते हुए स्टेशन रोड, सुनगढ़ी थाना तिराहे, नई बस्ती चौराहे, काला मंदिर रोड, लेखराज चौराहा, जाटों का चौराहा होते हुए बाजार पहुंची। शिव बरात में शंकर-पार्वती की मनमोहक झांकियों के अलावा भूत प्रेत भी नाचते गाते मिले। बाजार होते हुए गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर देर रात संपन्न हो गई। जहां महंत जय शंकर शर्मा ने शंकर पार्वती की आरती उतारकर बारात का स्वागत और अभिवादन किया। बरात में शिव पार्वती समेत कई झांकियां शामिल थी। बैंड बाजा की धुनों पर भक्त थिरकते हुए चल रहे थे। बरात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। मंदिर से लेकर शोभायात्रा रूट पर भारी पुलिस बल निगरानी में लगाया गया। कई जगह शिव बरात का पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया गया। इसके अलावा लाल रोड से भी शिव बरात निकाली गई। जो गौरीशंकर मंदिर में जाकर संपन्न हुई।

### पकड़िया नाथ मंदिर में किया शिव का भव्य श्रृंगार

**पीलीभीत।** शहर के मोहल्ला तखान स्थित पकड़िया नाथ महादेव मंदिर में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा था। शाम को भोलेबाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। भोले बाबा को अर्धनारीश्वर स्वरूप में श्रृंगार कर सजाया गया। श्रृंगार दर्शन के लिए मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। शाम छह बजे आरती की गई। इस मौके पर महेश शर्मा, संजीव शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, आयुष सक्सेना, अच्युत गौर, अक्षत अवस्थी, रचित सक्सेना, बॉबी सक्सेना, विकास मिश्रा, आनंद मिश्रा, काव्य सक्सेना, नमिता सक्सेना, मोनिका सक्सेना, रुचि सक्सेना, सुधा सक्सेना आदि मौजूद रहे।



### बिलसंडा में धूमधाम से निकाली गई शिव बरात

**बिलसंडा।** महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ की बरात धूमधाम से नगर में निकाली गई। रथों पर सवार देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रही। रामलीला मैदान के नजदीक स्थित श्रीनिवास कुंज आश्रम से शुक्रवार दोपहर एक बजे शिव बरात को स्वामी कैलाश दास वेदांताचार्य जी महाराज ने स्वरूपों की आरती उतारकर रवाना किया। रथों पर ब्रह्मा, विष्णु, हनुमान, राधा-कृष्ण, गणेश, मां दुर्गा की झांकी विराजमान थीं। बैंडबाजों की धुन पर बरातियों के रूप में लोग नृत्य करते हुए चल रहे थे। मुख्य बाजार, मोहल्ला पक्का तालाब, हाथीखाना, देविस्थान से होते हुए गोला रोड स्थित एक पम्प पर शिव बरात पहुंची। जहां कमेटी अध्यक्ष राजीश गुप्ता, व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल, आलोक जायसवाल रिंकू, अजय जायसवाल, विक्रम गंगवार, अवधनरेश जायसवाल ने स्वरूपों की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इसके बाद बमरोली चौराहा होते हुए वापस रामलीला ग्राउंड पर जाकर संपन्न हुई। कई जगह घर-प्रतिष्ठानों की छत से पुष्पवर्षा की गई। भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। इस मौके पर विशनचन्द्र गुप्ता, शुशील शर्मा, डा. अवधेश शर्मा, पवन शर्मा, नीरज गुप्ता, राजेश कटियार, संजीव गुप्ता गप्पू जी, मन्ने सक्सेना, वैभव सक्सेना, टिंकू वर्मा, प्रमोद वर्मा, अजय वर्मा, संजय वर्मा, अविरल गुप्ता, अमन गुप्ता, अनमोल गुप्ता आदि मौजूद रहे। आज शनिवार दोपहर 12 बजे से श्रीनिवास कुंज आश्रम पर विशाल भंडारा होगा।



### इकोत्तरनाथ मंदिर में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

**पूरनपुर।** महाशिव रात्रि पर्व पर सिरसा के जंगल में स्थित इकोत्तरनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। सिरसा के जंगल में स्थित इकोत्तर नाथ मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को पर्व के उपलक्ष्य में भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। इस दौरान मंदिर परिसर में मेला भी लगा। जल लेकर पहुंचे का कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ पर अभिषेक किया। पूजा करने के लिए बंडा, पूरनपुर और पुवायां आदि क्षेत्र से भक्तों का रेला उमड़ा। हजारों की भीड़ उमड़ने से अव्यवस्था होने लगी। परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने महिला और पुरुषों की अलग लाइन लगवाई। भक्तों ने भगवान शिव को भांग, धतूरा गन्ना और अन्य मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया। सुबह से लेकर शाम तक पूजा अर्चना जारी रही। रात में मंदिर में भजन कीर्तन कर रतजगा किया। मंदिर परिसर में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ में शामिल होकर भी भक्तों ने आहुतियां अर्पित की। शनिवार को महायज्ञ का समापन होगा। इस उपलक्ष्य में भंडारा भी किया जाएगा। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में इकोत्तर नाथ मंदिर परिसर में मेला लगा। विधायक बाबूराम पासवान कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। इसके अलावा एसडीएम राजेंद्र प्रसाद और नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित भी मंदिर पर पहुंचे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# गौरी शंकर और गुलेश्वर नाथ मंदिर के लिए दो-दो करोड़ रुपये जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की वंदन योजना के अन्तर्गत शासन स्तर से चयनित शहर के प्राचीन बाबा गौरीशंकर मंदिर और बीसलपुर के गुलेश्वर नाथ मन्दिर के सौन्दीयकरण के लिए धनराशि जारी कर दी गई है। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रयास के बाद दोनों मंदिरों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए दो-दो करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

वंदन योजना के अंतर्गत धार्मिक, सांस्कृतिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के जीर्णोद्धार एवं जन सामान्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध के लिए शासन को पूर्व में वंदन योजना के अन्तर्गत प्रस्ताव भेजे गये थे।

जिसमें शहर के ऐतिहासिक एवं पौराणिक बाबा गौरी शंकर मंदिर, बीसलपुर के गुलेश्वर नाथ मन्दिर के विकास के लिए चयन किया गया था। महाशिवरात्रि के मौके पर दोनों धार्मिक स्थलों के लिए दो-दो करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी कर दी गई है। मंदिरों में जल, प्रकाश व्यवस्था, नागरिकों को बैठने के लिए बेंच, सीसी रोड, इंटर लॉगिंग, सौंदर्यीकरण का अन्य कार्य कराया जाएगा। श्रद्धालुओं को ठहरने आदि के लिए विश्रामालय की भी व्यवस्था की जाएगी।

> इन दोनों प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इन्हें वंदन योजना में शामिल कर लिया गया था। प्रदेश शासन के नगर विकास विभाग के अनुसचिव महावीर प्रसाद द्वारा दो-दो करोड़ की धनराशि जारी करने की सूचना दी गई है।
>
> – **संजय सिंह गंगवार**, राज्यमंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग



### गुलेश्वर नाथ मंदिर में उज्जैन की तर्ज पर हुई भस्म आरती

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र में धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। गुलेश्वरनाथ मंदिर में महंत धर्मेंद्र पुरी ने पूजन कराया। मठिया नाथ मंदिर में प्रबंधक केशव किशोर गुप्ता की ओर से श्रृंगार आरती की गई। सूरज कॉलोनी स्थित देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर, गौरी शंकर मंदिर, जानकी रतन मंदिर, राम जानकी मदिर, बेनी राम मंदिर, महादेव मंदिर आदि में भी भक्तों की भीड़ देर शाम तक रही। प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर उज्जैन के प्राचीन महाकाल मंदिर की तर्ज पर पौराणिक रीति-रिवाज से दिव्य भस्म आरती का महा अनुष्ठान वेद मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और फिर फूलों से शिवलिंग व अन्य देवी देवताओं का श्रृंगार किया गया। अनुष्ठान संपन्न कराने में संदीप त्रिपाठी, दिवाकर बाजपेई, सत्यप्रकाश बिट्टू, आशुतोष मिश्रा अनुज गुप्ता शोभित गुप्ता, नागेंद्र त्रिवेदी एडवोकेट, ठाकुर मनीष सिंह, संजय शर्मा, सागर गुप्ता, राहुल देव मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

# सड़क के गड्ढों में भरा पानी, लोग परेशान

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर की मुख्य सड़क इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सड़क के गड्ढों में बारिश का पानी भरा होने से लोगों का आना जाना दूभर है। स्कूल के बच्चों, बुजुर्ग और मरीजों को ज्यादा दिक्कत हो रही है।

- **विधायक से लगाई सड़क ठीक कराने की गुहार**

इस मार्ग से इरादतपुर पगार, रुरिया घुरिया, नवदिया, ईसापुर, तुलापुर, तिलसंडा, जमलापुर, तिलछी समेत कई गांवों के लोग जाते आते हैं। नगर के दो प्रतिष्ठित विद्यालय भी इसी मार्ग पर हैं। बावजूद इसके इस रोड की न तो मरम्मत कराई गई और न ही देखरेख पर कोई ध्यान दिया गया।

कई जगह गहरे गड्ढे होने की वजह से स्कूल आते जाते वक्त बच्चे गिर जाते हैं। बीते दिनों हुई बारिश का पानी सड़क के गड्ढों में भर गया। इस दिक्कत को देखते हुए लोगों ने विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा से शिकायत कर सड़क बनवाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में व्यापारी नेता एम रेहान, धर्मेंद्र कुशवाहा, राजेश जायसवाल पंजा, मनोज गुप्ता, धीरज जायसवाल, अरविंद मिश्रा, बादशाह आदि रहे।



बिलसंडा कस्बे में सड़क के गड्ढों में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** बरेली जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला काहरान निवासी मोहम्मद इरशाम ने सुनगढ़ी पुलिस को बताया कि वह तीन मार्च को गौहनिया चौराहा के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती परिचित को देखने आए थे। उन्होंने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी कर दी थी। दोपहर करीब 12 बजे जब मरीज का हालचाल लेकर बाहर आए तो बाइक गायब थी। उसे कोई चोरी करके ले गया। काफी तलाशने के बाद भी बाइक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवती से छेड़छाड़ और मारपीट की रिपोर्ट

**माधोटांडा।** एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी घर के बाहरी हिस्से में किराना की दुकान है। 30 जनवरी को वह अपनी दुकान पर बैठी थी। गांव का ही राजेश दुकान पर आया और छेड़छाड़ की। कमरे में ले जाकर दुष्कर्म करने की कोशिश भी की। विरोध करने पर मारपीट की गई। कपड़े भी फाड़ दिए। सिर में लाठी से किए गए वार से चोट आई। जब शोर सुनकर मां बचाने आई तो उनसे भी मारपीट की।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में घपलेबाजी, बरखेड़ा बीडीओ निलंबित

## पात्रों के नाम सूची से गायब कर अपात्रों को दिए प्रधानमंत्री आवास, परियोजना निदेशक को भेजी थी गलत रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दोबारा जांच होने पर सामने आई हकीकत, सीडीओ की संस्तुति पर शासन ने की कार्रवाई

> गलत जांच आख्या प्रस्तुत कर गुमराह करने पर शासन से बीडीओ के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इसी आधार पर शासन ने बीडीओ बरखेड़ा प्रेम सिंह को निलंबित कर दिया है। – धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले की जांच में खेल करना बरखेड़ा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह को महंगा पड़ गया। दोबारा हुई जांच में घपलेबाजी सामने आ गई। इस पर सीडीओ ने कार्रवाई की संस्तुति कर अपनी आख्या ग्राम्य विकास आयुक्त को भेज दी। आयुक्त ने जांच में गलत तथ्यों को प्रस्तुत कर उच्चाधिकारियों को गुमराह करने पर बरखेड़ा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह को निलंबित कर दिया।

बरखेड़ा ब्लाक के गांव मूढ़ासेमनगर उर्फ पंडरी निवासी बुद्धसेन ने पिछले साल दिसंबर में लोक शिकायत पोर्टल पर अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने की शिकायत की थी। उसने आरोप लगाया कि पात्रता सूची में उसका नाम होने के बावजूद सचिव राजकुमार ने अपात्र बताते हुए काट दिया। जबकि उसके गांव निवासी सोनपाल समेत छह अन्य को अपात्र होते हुए आवास योजना का लाभ दे दिया गया। परियोजना निदेशक शैलेन व्यास ने मामले की जांच बरखेड़ा के बीडीओ प्रेम सिंह को सौंपी थी। बीडीओ ने मामले की जांच कर 14 दिसंबर को जांच आख्या परियोजना निदेशक को सौंप दी। बीडीओ ने जांच आख्या में बताया कि सोनपाल, गेंदनलाल, मदनलाल आदि आवास के लिए पात्र थे, जिस कारण इन सभी को आवास योजना का लाभ दिया गया था। शिकायतकर्ता बुद्धसेन का पक्का मकान दर्शाते हुए उसे अपात्र बताकर सचिव ने बचाते हुए, शिकायत को ही गलत बताया था। इस पर शिकायतकर्ता ने बीडीओ की जांच रिपोर्ट को गलत बताते हुए किसी अन्य अधिकारी से जांच कराने की मांग की। इस पर डीआरडीए के परियोजना अर्थशास्त्री जेसी जोशी से मामले की क्रास जांच कराई गई। परियोजना अर्थशास्त्री ने जांच में शिकायतकर्ता को पात्र पाते हुए आख्या रिपोर्ट परियोजना निदेशक को सौंप दी। आख्या रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सचिव राजकुमार द्वारा शिकायतकर्ता को अपात्र बताते हुए आवास देने से वंचित कर दिया। जबकि सोनपाल के अपात्र होते हुए भी आवास योजना का लाभ दिया गया। फिलहाल इस पूरे प्रकरण में दोषी सचिव को बचाने और पात्र को अपात्र एवं अपात्र को पात्र बताने के चक्कर में बीडीओ को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। शासन ने निलंबित बीडीओ प्रेम सिंह को संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय बरेली से संबद्ध किया है। इसके बाद अब सचिव राजकुमार पर भी गाज गिरना तय माना जा रहा है। चूंकि वह भी जांच में दोषी पाया गया था।

### सचिव को बचाने में खुद फंस गए बीडीओ प्रेम सिंह

शासन द्वारा बरखेड़ा बीडीओ को निलंबित किए जाने के बाद कई अन्य जिम्मेदारों में भी खलबली मच गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री आवासों की सूचना बनाने में खेल सचिव ने किया। साठगांठ के चलते बीडीओ प्रेम सिंह ने सचिव को बचाने के चक्कर में अफसरों को गुमराह किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब शिकायतकर्ता ने बीडीओ की जांच पर सवाल उठाते हुए किसी अन्य अधिकारी से जांच कराने की मांग की। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर हुई क्रास जांच में बीडीओ द्वारा सचिव को बचाते हुए पात्र को अपात्र और अपात्रों को पात्र बताया गया।

### शिकायतकर्ता से मांगे गए थे 20 हजार रुपये

शिकायतकर्ता बुद्धसेन की मानें तो पहले तो उसका नाम सूची में शामिल हुआ था। चूंकि प्रधान उनके पक्ष का नहीं है। इसका भी उन्हें दंश झेलना पड़ा था। ये भी आरोप लगाए कि उस वक्त उनसे 20 हजार रुपये सुविधा शुल्क के तौर पर सचिव की ओर से मांगे भी गए थे। बीडीओ पर कार्रवाई के बाद से सचिव पर गाज गिरना भी तय माना जा रहा है। फिलहाल आवास को लेकर जिम्मेदारों के घिरने के बाद पारदर्शिता के दावों पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। आवास में भेदभाव और सुविधा शुल्क से जुड़ी तमाम शिकायतें भी आए दिन अधिकारियों तक पहुंचती है।

### मरौरी बीडीओ को मिला बरखेड़ा ब्लॉक का अतिरिक्त चार्ज

बरखेड़ा बीडीओ प्रेम सिंह पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद मरौरी की खंड विकास अधिकारी मृदुला को बरखेड़ा ब्लाक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिला अधिकारी के अनुमोदन पर बीडीओ मरौरी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सीडीओ ने मरौरी बीडीओ को तत्काल चार्ज लेने के निर्देश दिए हैं।

### शिकायतकर्ता बुद्धसेन बोले- अब तो हम पात्र हैं, आवास भी दिलाएं

बीडीओ बरखेड़ा पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता बुद्धसेन से बात की गई तो उन्होंने प्रधान, सचिव, एडीओ समेत कई जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कहा कि जब शिकायत के बाद पीडी ने आकर जांच की तो गड़बड़ी खुल सकी। उनका कहना था कि अब तो उन्हें पात्र माना गया है। ऐसे में उनको आवास की सुविधा भी दिलाई जाए। अन्य दोषियों पर भी कार्रवाई हो। उनका परिवार अभी भी आवास से वंचित है।

## सीएचसी में रखे-रखे एक्सपायर हो गईं आयरन की गोलियां

**पूरनपुर, अमृत विचार:** लापरवाही के चलते सीएचसी में आयरन की गोलियां वितरित नहीं की गईं, जिससे रखे-रखे एक्सपायर हो गईं। फिर एक्सपायर गोलियों को कूड़ेदान में फेंक दिया गया। इससे पहले भी कई दवाएं जलाई गई थीं।

शरीर में खून की कमी होने पर मरीज को आयरन की गोलियां दी जाती हैं। इसके अलावा अधिकांश गर्भवती महिलाओं को भी आयरन की गोलियां वितरित करने के निर्देश हैं। आशा वर्कर घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए आयरन की टेबलेट वितरित करने के लिए लगाया गया है। मगर यहां सीएचसी में आयरन की गोलियां वितरित नहीं की गईं, जिससे बड़ी मात्रा में आयरन की गोलियां एक्सपायर हो गई। कर्मचारियों ने लापरवाही छिपाने के लिए, एक्सपायर दवाएं सीएचसी परिसर में बने आवास के पीछे कूड़े में फेंक दीं। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि इस मामले की जानकारी उन्हें नहीं है।

## हलवाई ने चुराई थी बरात घर से बाइक, पकड़ा गया

संवाददाता, पूरनपुर

- पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज की मदद से किया घटना का खुलासा चोरी हुई बाइक बरामद

**अमृत विचार:** एक दिन पहले बरात घर से चोरी हुई बाइक को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से बरामद कर ली। चोर भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उससे पूछताछ की जा रही है। बताते हैं कि आरोपी पर चोरी के करीब 10 से अधिक मुकदमे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव घुंघचाई के निवासी अनुपम शुक्ला गुरुवार रात खमरिया तिराहे के पास एक बारात घर दावत में आए थे। रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी बाइक बारात घर के बाहर खड़ी कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चले गए। कुछ देर बाद आए तो पता चला कि बाइक चोरी हो चुकी है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने जांच की। शक के आधार पर एक हलवाई और कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज देखने पर बाइक चोरी करते एक युवक की तस्वीर कैद मिली। उसकी पहचान भी हो गई। इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को मोहल्ला कायस्थान से आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद हो गई। बताते हैं कि आरोपी हलवाई का काम भी करता था। उस पर चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। दरोगा प्रताप सिंह ने बताया कि बाइक बरामदगी से संबंधित जांच पड़ताल चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**अमरिया, अमृत विचार:** वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। एएसपी ने अपनी सरकारी गाड़ी से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम भौनी निवासी पप्पू की पुत्री गोदावरी (32) की शादी थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम सिकलापुर निवासी जानकी प्रसाद से हुई थी। महिला के तीन बच्चे हैं। वह मानसिक रुप से अस्वस्थ चल रही थी। जिसके चलते काफी दिनों से मायके में रह रही थी। वह रोज की तरह गांव के बाहर घूमते हुए निकल जाती थी। शुक्रवार सुबह किसी अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। उधर से निकल रहे एएसपी विक्रम दहिया व सीओ सदर डॉ. प्रतीक दहिया ने महिला को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ बृजवीर सिंह ने बताया कि वाहन चालक फरार हो गया।

## सुहास में पांच लाख से बनेगा सीएससी सेंटर

संवाददाता, बरखेड़ा

- ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सुहास में सीएससी सेंटर का शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार ने शिलान्यास किया। इस दौरान सरकार की उपलब्धियां भी बताईं।

ग्राम पंचायत सुहास में आरजेएसए योजना से करीब पांच लाख की लागत से सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) का निर्माण कराया जाना है। इस भवन के निर्माण के उपरांत ग्राम पंचायत की जनता को दूर दराज न जाकर गांव में ही जाति, आय, निवास व खतौनी आदि सुविधाएं मुहैया होगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गंगवार ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत में पहुंचकर उपरोक्त भवन की नीव की खुदाई हेतु फावड़ा चलाकर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि गांव में जन सेवा केंद्र के भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बाद ग्रामीणों को दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा। काफी सुविधा आप लोगों को यही मिलेंगी। तब से भाजपा की सरकार बनी है तब से योजनाएं चलाई जा रही हैं।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रूबी देवी, प्रधान पति अजय कुमार, ग्राम पंचायत सचिव रमावीर गंगवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य माखनलाल वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्या मीना देवी के पति नन्हेंलाल आदि मौजूद रहे।

## बिलसंडा में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने महिला के कुंडल लूटे

संवाददाता, बिलसंडा



घटनास्थल पर एकत्र भीड़ और सड़क पर बैठी पीड़िता मंजू देवी। ● अमृत विचार

- बेटे के साथ जा रही थीं मंजू देवी गांव गांगूपुर के पास हुई घटना

**अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने के बाद बेटे के साथ बाइक पर अपने घर लौट रही महिला के बाइक सवार बदमाशों ने कुंडल लूट लिए। अचानक झपट्टा लगने पर महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। बदमाश तमंचा लहराते हुए धमकी देकर भाग गए। पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

शाहजहांपुर के कस्बा खुटार निवासी राजकुमार की पत्नी मंजू देवी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने बेटे के साथ बरेली में भांजी की शादी समारोह से वापस लौट रही थी। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे बीसलपुर बिलसंडा मार्ग पर गांव गांगूपुर के पास बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने पास में आकर उसके कान से कुंडल नोच लिए, और बाइक समेत गिरा दिया। इतना ही नहीं उसके बेटे ने जब बदमाशों का पीछा करना चाहा तो बदमाशों ने तमंचा दिखाते हुए गोली मारने की धमकी दी। जिससे वह लोग घबरा गए और इसका फायदा उठाते हुए बदमाश फरार हो गए। सकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सुरागरसी कराई जा रही है।

## सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित की गई महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गांधी सभागार में हुआ कार्यक्रम
- मेगा इवेंट अनंता में डीएम ने महिलाओं को किया सम्मानित

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, अधिकारियों व महिला कल्याण विभाग की टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया।

गांधी सभागार में शुक्रवार को मेगा इवेंट अनंता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें, अच्छा सोचें। आगामी चुनाव में सभी महिलाएं मतदान करने के लिए भी शत प्रतिशत आगे बढ़े। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने कहा कि देश भर में 12 मिलियन स्वयं सहायता समूह हैं। जिनको 88 प्रतिशित महिलाएं चला रही हैं। हम कामयाब हो और आसमान में उड़े अच्छी बात है लेकिन हमारे पैर जमीन पर होने चाहिए, क्योंकि एक महिला का घर, समाज से लेकर देश के उज्ज्वल भविष्य में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रखती है। एक मां के रूप में अपनी संतान को राष्ट्रवादी बनाने के साथ उसको संस्कार भी दें। एनआरएलएम की डीसी वंदना ने भी अपने व्यक्तिगत जीवन के संघर्ष से जुड़े अनुभव साझा किए। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं को और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि महिलाएं स्वयं भी आगे बढ़े और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम में अन्य महिलाओं ने भी जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया। इस दौरान डीएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं समेत महिला अधिकारियों एवं महिला कल्याण विभाग की टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन महिला कल्याण अधिकारी सुवर्णा पांडेय ने किया। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह की डीसी अंकिता, डीएसटीओ प्रतिभा, गजरौला थानाध्यक्ष रूपा विष्ट, बीडीओ मृदुला, आशुलिपिक शीला, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष पूर्णिमा पांडेय, राजकुमार पांडेय, मीनाक्षी पाठक, रामदीप कौर, तृप्ति मिश्रा, मृदुला शर्मा, जयश्री आदि मौजूद रहे।

## बगवा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट, कई घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते बगवा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बगवा निवासी मदनलाल ने बताया कि छह मार्च की रात 11 बजे वह घर पर सो रहे थे। इसी बीच पुराने विवाद को लेकर गांव के चेतराम, राजेंद्र प्रसाद अपने दो साथियों संग घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। पत्नी बेलावती बचाने आई तो उसके सिर में बांके से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

उधर, दूसरे पक्ष से राजेंद्र ने तहरीर देकर बताया कि छह मार्च की रात 11 बजे गांव के मदनलाल, सुभाष और वेलावती ने उनके घर के बाहर आकर गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की। शोर सुनकर बचाने आए उनके पिता चेतराम, मां मुन्नी देवी, किरन को भी पीटा। इसके बाद धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर जहानाबाद मुकेश शुक्ला ने बताया कि क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कराई जा रही है।

## अपराध संक्षेप

### परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों में मारपीट

**दियोरियाकलां।** परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों में मारपीट हो गई। एक गुट के छात्रों ने दूसरे गुट के छात्रों को मार-पीट कर घायल कर दिया। जनपद बरेली के थाना फरीदपुर के गांव कल्याणपुर निवासी प्रेमराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा अंकित बीसलपुर के केकेएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र है। उसकी परीक्षा एजीएम इंटर कॉलेज बिहारीपुर हीरा में चल रही हैं। बेटे को पेपर दिलाने गुरुवार को परिचित अमन लेकर आए थे। पेपर देकर वानस जाते वक्त बेटे अंकित व उसके दोस्त विशाल को कुछ अन्य छात्रों ने घेरकर मारपीट की। इसके बाद वह दियोरिया की तरफ लौट गए। पिपरिया संजरपुर के पास पहुंचते ही आरोपियों ने बाइक से टक्कर मार दी। जिसमें अमन के पैर में चोट आई। आरोप है कि तमंचा और लाठी डंडे लिए भी आरोपियों के कुछ साथी धमकाते रहे।

### परीक्षा देने गई छात्रा लापता, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** परीक्षा देने आई छात्रा को बहला फुसलाकर लने जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्षेत्र के एक व्यक्ति ले पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री गुरुवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा देने घर से बीसलपुर आई थी। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पिता ने बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई। पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### दो स्थानों पर मारपीट, तीन लोग घायल

**बीसलपुर।** दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम न्यूरानपुर निवासी दीपा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस के गंगासागर, मुन्ना लाल, हेमवती और रामबाबू ने पुरानी रंजिश को लेकर गुरुवार को उनके नाती मुनीष की पिटाई कर दी। शोर पर जमा हुए लोगों ने बचाया। इसके अलावा ग्राम टेहरी के निवासी गणेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुराने विवाद में शुक्रवार को गांव के सुनील, राम सागर, महेंद्रपाल और रवि ने मारपीट की। पुलिस दोनों प्रकरणों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### देवर पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी करीब चार साल पूर्व थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव से हुई थी। शादी के बाद से ही पीड़िता का देवर बुरी नजर रखता था। कई बार दुष्कर्म करने की कोशिश की गई। लोकलाज के चलते किसी को कुछ नहीं बताया। पति के साथ सुनगढ़ी क्षेत्र में आकर रहने लगी। पति किसी अन्य महिला को लेकर भाग गया। किराये के मकान में वह एक साल के बच्चे संग थी। आरोप है कि 29 फरवरी की रात देवर अपने दो साथियों संग घर में घुस आया और डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। अन्य दो साथी भी धमकाते रहे। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बाइक सवार को लोहे की रॉड मारकर किया घायल

**बरखेड़ा।** कंबाइन चालक ने बाइक सवार ग्रामीण को लोहे की रॉड मारकर घायल कर दिया। ग्राम दौलतपुर पट्टी निवासी राजकुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह उसका भाई सुरेंद्र कुमार बाइक से कस्बा बरखेड़ा जा रहा था। गांव में एक खेत के पास ग्राम प्रताप डांडी के निवासी सीताराम कंबाइन लेकर आ रहा था। आरोपी ने पहले पीड़ित के भाई से गाली गलौज की और विरोध करने पर लोहे की रॉड से सिर में वार कर लहूलुहान कर दिया। गांव के ही कई लोग मौके पर जमा हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### चंदिया हजारा में अगले सप्ताह काम शुरू होने की उम्मीद

**पूरनपुर।** चंदिया हजारा में शारदी नदी पर अगले सप्ताह तक काम शुरू होने की संभावना है। ग्राम प्रधान बासुदेव कुंडू के मुताबिक, ड्रेजिंग चैनेलाइजेशन के लिए मशीन आ रही है। उधर, नदी के तट पर जियो बैग को लेकर भी अगले सप्ताह बाढ़ खंड की टीम के आने की उम्मीद है। ग्रामीण इसी आस में हैं कि किसी तरह आचार संहिता से पहले यहां निर्माण कार्य शुरू हो जाए। चंदिया हजारा गांव, शारदा नदी के मुहाने पर है। ग्रामीण चिंतित हैं कि चुनाव से पहले काम शुरू हो जाएगा, तो आगे बारिश के सीजन में यहां बाढ़ का खतरा टल जाएगा। ग्राम प्रधान का कहना है कि जियो बैग के लिए करीब 9 .98 लाख की वित्तीय स्वीकृति हो चुकी है।

### चीनी मिल में बचीं सिर्फ 30 हजार पर्चियां, आज होंगी जारी

**पूरनपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र थमने की कगार पर है। लगभग 30 हजार पर्चियां शेष हैं, जिनके शनिवार को जारी होने संभावना है। इसके बाद मिल तौल फ्री हो जाएगी। सट्टा धारक किसान गन्ना लेकर जाएंगे और गेट पर ही पर्ची आवंटित कर दी जाएगी। संभव है कि 15 मार्च तक मिल बंद भी हो जाए। चीनी मिल ने इस सप्ताह विशेष इंडेंट जारी किए थे। इससे मिल में गन्ने की उपलब्धता क्षमता से अधिक हो गई। हालत यह रही कि पांच दिन तक चीनी मिल के बाहर खुटार-पूरनपुर हाईवे पर दो से तीन किलोमीटर तक गन्ना वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं। शुक्रवार को मिल के बाहर जाम से कुछ गनीमत देखने को मिली। दिन में बमुश्किल 50 ट्रॉलियां ही हाईवे पर खड़ी थीं, जो शाम तक अंदर हो गईं। इसलिए भी क्योंकि गुरुवार और शुक्रवार को कोई इंडेंट जारी नहीं हुआ था। मिल प्रबंधन के मुताबिक शुक्रवार तक कोई 17 .50 लाख कुंतल गन्ना पेराई हो चुका है। चीनी मिल बंद होने तक 19 लाख कुंतल के आसपास गन्ना पेराई होने की संभावना है। अधिकारियों के मुताबिक, अब बमुश्किल 30 हजार गन्ना पर्चियां बची हैं। शनिवार को ये पर्चियां जारी करने की तैयारी है। इन पर्चियां का गन्ना पेराई होने के बाद मिल फ्री कर दी जाएगी। इससे किसान गेट पर ही पर्चियां लेकर गन्ना तौला सकेंगे। मिल के सीसीओ अजय यादव ने बताया कि चीनी मिल के बाहर जो वाहन खड़े थे। बची पर्चियां आज जारी कर दी जाएंगी।

### खाद्य अधिकारी पर लगे आरोप की एसडीएम करेंगे जांच

**बीसलपुर।** क्रांतिकारी विचार मंच के संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने बीते दिनों मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की थी। जिसमें बीसलपुर पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में तैनात क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की तैनाती शासनादेश के विपरीत होने का आरोप लगाया था। आरोप लगाया कि क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की तैनाती पूर्ति निरीक्षक के पद पर नहीं की जा सकती। नियम विरुद्ध तरीके से उन्हें बरखेड़ा कला ब्लॉक क्षेत्र वा बीसलपुर नगर क्षेत्र का कार्य दिया गया है। वह आए दिन कार्यालय से नदारद रहते हैं। मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। सुविधा शुल्क वसूली के भी आरोप लगाए थे। आयुक्त खाद एवं रसद विभाग लखनऊ ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। अब बीसलपुर एसडीएम महिपाल सिंह को जांच दी गई है। एसडीएम ने जांच शुरू करते हुए शिकायतकर्ता से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पर लगाए गए आरोपों क साक्ष्य मांगा है। इधर, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने बताया कि उनकी तैनाती नियमों के अनुरूप जिलाधिकारी से अनुमोदन लेकर की गई है। शिकायत निराधार है।

## नगर में पांच स्थानों पर लगेंगे फ्रीजर काम शुरू

**बिलसंडा, अमृत विचार:** नगर पंचायत में करीब ढाई दशक बाद बदले निजाम के साथ ही बदलाव नजर आने लगा है। चेयरमैन डीके गुप्ता ने नगर में पांच स्थानों पर शीतल जल मुहैया कराने के लिए फ्रीजर रखवाने शुरू कर दिए हैं। जर्जर गलियों में निर्माण कार्य शुरू कराए गए हैं। इसकी देखरेख खुद चेयरमैन कर रहे हैं। नगर पंचायत में वर्ष 1989 से वर्ष 2023 तक एक पंच वर्षीय छोड़कर चेयरमैन पद पर अटल सिंह जायसवाल या उनकी पत्नी मंजू जायसवाल काबिज रहीं। गत वर्ष हुए चुनाव में डीके गुप्ता ने पहली बार चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। इससे पहले वह कई बार सभासद रह चुके हैं। नगर में सबसे पहले विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। जिसे बोर्ड की बैठक में पारित करा दिया गया था। चेयरमैन डीके गुप्ता ने बताया कि नगर के पांच स्थानों पर फ्रीजर रखवाने का काम शुरू कर दिया है। इससे लोगों को सुविधा मिलेगी।

## ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के अधूरे भवन का निर्माण कार्य आज होगा शुरू

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

- मरीजों को अस्पताल में मिलेंगी प्लेटलेट्स और होगी पीआरबीसी ब्लड की सुविधा

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल में लम्बे समय से ब्लड बैंक का संचालन हो रहा है। मेडिकल कॉलेज बन जाने के साथ अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के अधूरे भवन का निर्माण शनिवार को शुरू हो जाएगा। सेपरेशन यूनिट शुरू हो जाने के बाद डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट और पीआरबीसी ब्लड के लिए मरीजों को निजी सेंटरो के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

एक अप्रैल 2023 से जिला अस्पताल का विलय स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में हो गया है। मेडिकल कॉलेज शुरू होने से पहले ब्लड सेपरेशन यूनिट बनाने के लिए अस्पताल परिसर में ही एक कक्ष का निर्माण कराया गया था। जरूरी सभी मशीनों को भी मंगा ली गई थीं। परंतु भवन का कार्य पूर्ण न होने के कारण ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का संचालन नहीं हो सका। एनएमसी की टीम आने से पहले प्राचार्य ने ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट शुरू करने की कवायद शुरू की थी। शनिवार से अधूरे भवन को मानकों के अनुसार तैयार करने का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

पिछले वर्ष जिले में डेंगू के रिकॉर्ड तोड़ मरीज सामने आए थे। जिन मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत थी लेकिन अस्पताल में प्लेटलेट्स की सुविधा न होने के कारण मरीजों को बरेली रेफर किया गया था। अब ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट शुरू हो जाने के बाद डेंगू मरीजों को अस्पताल में ही प्लेटलेट्स चढ़ाने की सुविधा मिल सकेगी। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना ने बताया कि ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के अधूरे भवन का निर्माण शुरू कराया जा रहा है। जल्द ही लाइसेंस भी मिल जायेगा।

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर कहलाएंगे

**पीलीभीत।** जिले में वर्तमान समय में जिले में नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 32 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 170 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पांच अर्बन पीएचसी का संचालन किया जा रहा है। शासन ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 170 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर कर दिया है। इन सभी केंद्रों को पीले रंग से पुताई करा कर लाल रंग से आयुष्मान आरोग्य मंदिर लिखा जा रहा है। जिले में अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र के नाम बदले जाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष में भी तेजी से काम चल रहा है। होली से पहले यह कर पूरा कर लिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर हैल्थ एंड बेलनेस सेंटर का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किया गया है।

# 600 समूहों का पौने दो करोड़ का भुगतान अटका

## दो साल से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नहीं मिला मानदेय, टूट रहा स्वावलंबी बनने का सपना

सौरभ सिंह, पीलीभीत

- बाल पुष्टाहार के खाद्यान का उठान कर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचाती हैं समूह की महिलाएं

**अमृत विचार :** कुपोषित बच्चों को स्वपोषित बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का स्वावलंबन बनने का सपना टूटता दिखाई दे रहा है। सूखा राशन बांटकर हजारों बच्चों और गर्भवती महिलाओं का पेट भरने वाली स्वयं सहायता समूह की करीब छह हजार से अधिक महिलाएं खुद भुखमरी की कगार पर है। पिछले करीब दो साल से उन्हें राशन वितरण करने के बदले मिलने वाला मानदेय नहीं मिला। ऊपर से हर महीने आंगनबाडी केंद्रों से राशन का उठान करने में उनके हजारों खर्च हो रहे हैं। इससे इन समूहों की महिलाएं कर्ज के बोझ तले दबती जा रही हैं। बावजूद इसके अधिकारी उनकी ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की ओर से जुड़ी महिलाओं को वर्ष 2020 में प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों तक सूखा राशन पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके लिए सभी गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों, राशन कोटेदारों और महिला स्वयं सहायता समूहों की मैंपिग कराई गई थी। समूह की महिलाएं सीडीपीओ कार्यालय और कोटेदार से राशन उठाकर आंगनबाड़ी केंद्रों पहुंचाती हैं।

जिले में 1960 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें 345 शहर और 1615 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इन केंद्रों पर शून्य से छह साल तक के 1,75,760 बच्चे पंजीकृत हैं। जहां उनकी पढ़ाई लिखाई के साथ पोषण का भी ख्याल रखा जाता है। जिले के 600 स्वयं सहायता समूहों को स्वावलंबन बनाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को सूखा राशन पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी। शुरूआत में इन समूहों की महिलाओं को लगा था कि राशन पहुंचाने का कार्य मिलने से वे आत्मनिर्भर बन जाएंगी।

### आंगनबाड़ी केंद्रों को पहुंचाया जाने वाला खाद्यान

- छह माह से तीन वर्ष तक की आयु के बच्चों को एक किलो चावल व डेढ़ किलो गेहूं, 750 ग्राम दालें, 450 ग्राम घी व 400 ग्राम स्किम्ड दूध।
- गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को एक किलो चावल व 2.5 किलो गेहूं, 500 ग्राम दालें, 900 ग्राम घी व 750 ग्राम स्किम्ड दूध।
- तीन से छह वर्ष के बच्चों को एक किलो चावल व डेढ़ किलो गेहूं व 400 ग्राम स्किम्ड दूध।
- 11 से 14 वर्षीय किशोरियों को एक किलो चावल व दो किलो गेहूं, 750 ग्राम दालें, 450 ग्राम घी व 400 ग्राम स्किम्ड दूध।
- गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को एक किलो चावल व दो किलो गेहूं, 750 ग्राम दालें, 450 ग्राम घी व 400 ग्राम स्किम्ड दूध।

स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सूखे राशन का उठान कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचाती हैं। जिसका मानदेय बाल विकास की ओर से देय होता है, जो एनआरएलएम को आवंटित होता है। मगर पिछले दो साल से बजट नहीं मिला है। जिस वजह से भुगतान नहीं हो सका है। इसको लेकर शासन में कई बार पत्राचार किया जा चुका है।

– **जेसी जोशी**, परियोजना अधिकारी एनआरएलएम

एक समूह में करीब 10 महिलाएं होती है। इस कार्य को समूह की अधिकतर महिलाएं मिलकर कर रही हैं। शुरुआत में तो कार्य अच्छा चला। समय से उन्हें भुगतान भी मिला। मगर अक्टूबर 2021 के बाद से एनआरएलएम की ओर से सूखे राशन का उठान करने वाली महिलाओं का भुगतान ब्रेक कर दिया गया। इसके बाद से उन्हें अब तक एक फूटी कौड़ी भी नहीं दी गई है। अब हालात यह हैं कि एक-एक महिला का एक-एक महिला का दो से ढाई हजार रुपये का बकाया चल रहा है। एनआरएलएम के अफसरों के अनुसार स्वयं सहायता समूहों की करीब पौने दो करोड़ की बकायेदारी चल रही है। वर्तमान में समूह से जुड़ी हजारों महिलाएं सूखा राशन वितरण कर रही है। पिछले दो साल से भुगतान न मिलने से इन समूहों की महिलाएं साहूकारों से कर्ज लेने को मजबूर हैं।

### दो विभागों के बीच फंसा है पेंच

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिलने वाली धनराशि दो विभागों के बीच में फंस कर रह गई है। एनआरएलएम परियोजना अधिकारी जेसी जोशी के अनुसार समूह के द्वारा जो सूखा राशन आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचाया जाता है, उसका भुगतान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से देय होता है। शासन की ओर से एनआरएलएम को दिया जाता है। इसके बाद समूह के खाते में ट्रांसफर किया जाता है। मगर अभी तक भुगतान नहीं हो सका है। इधर, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सुगड़ी का कहना है कि यह बजट शासन से ही सीधे एनआरएलएम को भेजा जाता है। जिले से रिपोर्ट भेजी जाती है।

# इंस्पायर अवार्ड के लिए छात्र चयनित


छात्र आयुष।


शिक्षक लोकेश।

**पीलीभीत, अमृत विचार :** छात्रों में विज्ञान व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड के लिए चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा नौ के छात्र आयुष गुर्जर का चयन हुआ है। इनके द्वारा हॉस्पिटल, स्कूल आदि साइलेंट जोन में वाहनों के हॉर्न और स्पीड की स्वचालित नियंत्रण का आईडिया दिया गया है।

आयुष के इस प्रोटोटाइप आइडिया को विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में प्रशिक्षक लोकेश सिंह के निर्देशन में डिजाइन किया गया है। साथ ही अटल लैब इंचार्ज लोकेश सिंह को उनके कार्य- प्रयासों के चलते नीति आयोग द्वारा अपनी एक्सेम्पलरी टीचर ऑफ चेंज बुक में स्थान देकर सम्मानित किया गया है। इसमें देश भर से चयन करने की बाद कुछ विशेष व अतिरिक्त एक्टिविटीज करने वाले शिक्षक-प्रशिक्षक की सूची नीति आयोग द्वारा प्रकाशित की गई है। विद्यालय की प्रबंध समिति और प्रधानाचार्य चंद्रभान शर्मा ने छात्र और उनके मार्गदर्शक प्रशिक्षक को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नगर के सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की अटल लैब में नवाचार प्रयोग करने का आह्वान कर उन्हें अपने अध्यापकों व अभिभावकों सहित लैब का भ्रमण करने को आमंत्रित किया है। अटल लैब नगर के सभी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है।

# महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ सपा नेताओं ने की भूख हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पार्टी के जिला कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे सपा नेता व कार्यकर्ता।

- शहर के नकटादाना स्थित जिला कार्यालय के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

**अमृत विचार :** महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय भूख हड़ताल की। इसकी अगुवाई समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम ने की। इस दौरान केंद्रऔर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का विकास तेजी से हुआ है। पीड़ित न्याय के लिए भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं हैं। समाजवादी पार्टी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) के सम्मान की लड़ाई को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समस्त जनपदों में भूख हड़ताल की गई है। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि भाजपा सरकारी संस्थाओं का निजीकरण कर रही है। इस वजह से बेरोजगारी और बढ़ गई। शहर व देहात में अपराधी बेलगाम हैं। अगर सरकार ने इन मुद्दों पर ठोस कदम नहीं उठाए तो सपा बड़ा आंदोलन करेगी। सरकार अपने हितों को साधने एवं अडानी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए गरीब-मजदूरों का हक मार रही है। महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने भाजपा सरकार को मजदूर विरोधी बताया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा आरक्षण को खत्म करने की योजना बना रही है। संविधान विरोधी इस सरकार को आगामी चुनाव में जनता उखाड़ फेकेंगी। जिला महासचिव नफीस अंसारी ने कहा कि वर्तमान में सबसे ज्यादा यदि कोई वर्ग परेशान है तो वो पीडीए के अंतर्गत आने वाले गरीब किसान और नौजवान हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कटटर, अमित पाठक, असलम जावेद अंसारी, विनोद वर्मा, विशाल वाल्मीकि, ज्योति प्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### स्कूल में मेधावी बच्चों को किया पुरस्कृत



**मझोला।** एसके पब्लिक स्कूल में कक्षा नौ के विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुरुआत कराई। कक्षा नौ ए में प्रथम स्थान जसमीत कौर, मनजोत कौर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बबीता जोशी और तृतीय स्थान नवरोज कौर ने प्राप्त किया। कक्षा नौ– बी में प्रथम स्थान हरगुन कौर, द्वितीय स्थान राशि सिंह, तृतीय स्थान अर्जुन दीप सिंह ने प्राप्त किया। एमडी जगजीत सिंह ने मेधावियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य बृजेश भट्ट ने भी विचार व्यक्त किए।

### 15 मार्च से शुरू होगा अंतर्राज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट



**मझोला।** मझोला क्रिकेट क्लब के सौजन्य से कस्बे में 15 मार्च से अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड के कई शहरों की टीमें शामिल होंगी। आयोजन समिति सदस्यों ने टूर्नामेंट को लेकर तैयारी शुरू कर दी हैं। पिच को गीली मिट्टी डालकर बेहतर बनाया जा रहा है। मैदान की सफाई भी शुरू कर दी गई है। टेनिस बॉल से मैच होंगे। पहला मैच पंद्रह मार्च को सुबह 10 बजे शुरू होगा। इसमें कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये रखा गया है। बाहर से आने वाली टीम के रुकने और खाने की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की जाएगी। आयोजन समिति में अमरदीप सिंह, सचिन बैजोटी, दलजीत सिंह,मनीष कुमार, हरमन सिंह हैप्पी,विजय कुमार अनु आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मैदान को टूर्नामेंट के लिए तैयार किया जा रहा है।

### केजीएन क्रिकेट क्लब ने पांच विकेट से जीता मैच



**पीलीभीत।** ज़िला स्तरीय यूनिटी कप क्रिकेट लीग के तीसरे मैच में शुक्रवार को केजीएन क्रिकेट क्लब ने सीएमओ हेल्थ वारियर को पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। आशीष को शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। इनिशियम ग्लोबल स्कूल 22 यार्ड अकादमी के मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएमओ हेल्थ वारियर ने निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 175 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अनीस खान ने 30 गेंद पर तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। अतुल ने 20 गेंद पर पांच चौके की मदद से 26 रनों की पारी खेली। इसके अलावा बृजेश ने 18 रन बनाए। लक्ष्य कर केजीएन क्रिकेट क्लब ने 22 ओवर में पांच विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। साहिल ने सर्वाधिक 83 रनों की पारी खेली। आशीष ने 60 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। बृजेश कुमार ने तीन और अन्ना,अनीस ने एक एक विकेट चटकाया। आशीष को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। विजेता टीम को पुरस्कार जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने दिया।

# अतिक्रमण के नाम पर उजाड़े जाते है रेहड़ी-पटरी दुकानदार


लखनऊ में कृषि एवं शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते व्यापारी। ●अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- व्यापारी नेताओं ने प्रभारी मंत्री के सामने रखा दुकानें बनाकर किराए पर देने का प्रस्ताव

**अमृत विचार :** शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को उजाड़ने के बजाय समस्या का स्थायी समाधान कराने और बिजली व्यवस्था के सुधार को लेकर व्यापारी नेताओं ने जनपद के प्रभारी मंत्री से मुलाकात की। कई अन्य समस्याएं भी रखी गई। इसका जल्द समाधान कराने की मांग की गई।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने गुरुवार को कृषि एवं शिक्षा मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख से लखनऊ में मुलाकात की। उन्होंने बताया कि पीलीभीत नगर में रेहड़ी-पटरी वाले सैकड़ों दुकानदारों को अतिक्रमण के नाम पर बार-बार उजाड़ दिया जाता है। इससे ना सिर्फ लघु व्यापारियों के आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को क्षति पहुंचती है, बल्कि सैकड़ों गरीब परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो जाता है। यदि ड्रमण्ड कॉलेज की गांधी स्टेडियम और टनकपुर रोड से लगी भूमि पर दुकानें बनाकर छोटे दुकानदारों को किराए पर दी जा सकती है। इससे न सिर्फ राजस्व प्राप्त होगा, बल्कि इन दोनों मार्गों का सौंदर्यीकरण हो सकेगा। इसके अलावा व्यापारियों ने बिजली कटौती की समस्या को भी रखा। इनमें युवा विंग के जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल भी रहे।

# सुपर स्टार सिंगर-3 में आज से चमकेगा पीलीभीत का छात्र क्षितिज


सुपरस्टार सिंगर– 3 में परफॉर्मेंस पेश करते क्षितिज और सिंगर नेहा कक्कड़।

**पीलीभीत।** सोनी चैनल पर शनिवार नौ मार्च से शुरु होने जा रहे सुपर स्टार सिंगर– 3 में पीलीभीत का लाल क्षितिज सक्सेना अपनी आवाज का जादू बिखेरेगा। उसने सुपर स्टार सिंगर– 3 की सभी राउंड पार करने के बाद एपिसोड में अपनी जगह बनाई है। क्षितिज की सतरंगा यह इश्क रे.. इमोशनल परफॉर्मेंस से पॉप सेंसेशन सुपर सिंगर नेहा कक्कड़, सलमान अली, पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, मोहम्मद दानिश और सायलीकांबले के दिल को छू लिया। इस पर क्षितिज को बेहतर परफॉर्मेंस का खिताब से नवाजा था। क्षितिज की इस कामयाबी पर परिवार वालों में नहीं बल्कि जिले वासियों में उत्साह दिखा। सभी ने बीते दिनों क्षितिज का जोरदार स्वागत किया था। अब नौ मार्च को आने वाले एपिसोड में उसे टीवी पर देखने के लिए बेकरार हैं। पिता राजेश सक्सेना ने बताया कि क्षितिज मुंबई में ही है। सातवें राउंड के बाद अब एपिसोड में प्रतिभाग करेगा। सोनी टीवी पर सुपरस्टार सिंगर 3, 09 मार्च से, हर शनिवार और रविवार को रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

# हजरत फारूक शाह मियां का उर्स संपन्न


उर्स के दौरान मौजूद मौलाना। ●अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** हज़रत फ़ारूक़ शाह मियां का उर्स गुल शरफ की रस्म के साथ शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे और मुल्क की तरक्की की दुआ की।

शहर के मोहल्ला मोहम्मद फारुख में हज़रत फ़ारूक़ शाह मियां का उर्स गुरुवार को चादर पोशी के साथ शुरू हुआ था। बाद नमाज़ ए ईशा एक अज़ीमोशान जलसे का आयोजन किया गया। उलमाओं ने नातो मनकबत तक़रीर से महफिल में समा बांध दिया। शुक्रवार दोपहर 11 बजे कुल शरीफ़ की रस्म के साथ हज़रत फ़ारूक़ शाह मियां के उर्स का समापन हो गया। उर्स में हाफ़िज़ इसरार अहमद अशरफी,हाफ़िज़ सय्यद मखदूम अली, मौलाना मुरीद,हाफ़िज़ सलमान,मौलाना आशिक, मौलाना अता मोहम्मद,मौलाना सय्यद फुरकान अली, सय्यद रेहान अली,सहित उलमाओं ने देश में अमन चैन के लिए दुआ की। कमेटी के सदस्यों ने दस्तारबंदी भी की गई। कुल शरीफ़ के बाद लंगर ए आम तकसीम किया गया।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
बवासीर, फिशर
मानसिक रोग (डिप्रेशन)
चेहरे के कील, मुहांसे
मिर्गी
माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
ब्लड प्रेशर, शुगर
सियाटिका का दर्द
मानसिक दुर्बलता
मोटापा
पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
साइनस
टॉसिल का बढ़ जाना
थायराइड
जोड़ों का दर्द
गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल, डाइबिटिज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP), गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL), गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL), पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
8394838281, 9897838286
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेंट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर खुली रहीं मांस की दुकानें

**गोला गोकर्णनाथ।** छोटी काशी में शिवरात्रि के दिन भी शासन के आदेश के बावजूद मांस की दुकानें खुली रहीं। हिंदू नेताओं की शिकायत पर पुलिस ने दुकानें बंद कराईं। बांकेगंज रोड मोहल्ला सर्वोदय नगर में शिवरात्रि की बंदी के बावजूद मीट की दुकानें खुली रहीं। लोगों ने मांस बेचते वीडियो वायरल कर दिया। हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री का आदेश था कि शिवरात्रि के दिन कोई मीट की दुकान नहीं खुलेगी। उसके बावजूद भी नियमों का उल्लंघन हो रहा है। भारतीय बजरंग दल के प्रदेश मंत्री अशोक जोशी और जिला गोरक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### सिद्ध बाबा मंदिर में आयोजित किया भंडारा

**पिपरिया धनी।** रेहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्रंट साहबगंज के मजरा ग्राम दिस्तापुर गांव में महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कजरी से आए गायक जोधा सिंह ने भजन, कीर्तन का आयोजन किया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भोले के भजनों पर झूम उठे। वहां चल रहे भंडारे में पूड़ी, सब्जी, जलेबी, चावल, दाल आदि का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य सेवादार बाबा कश्मीर सिंह, (पुजारी), गुरमीत सिंह, सुखविंदर सिंह, सुरजीत सिंह आदि रहे।

### सुबह से लगी भक्तों की कतारें

**मोहम्मदी।** शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर क्षेत्र के पौराणिक पालन नाथ मंदिर, लथेश्वर नाथ मंदिर, जंगली नाथ धाम और टेढ़ेनाथ धाम पर भव्य सजावट की गई। वहीं पूजा अर्चना करने को लेकर भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर शिव भोलेनाथ बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह एवं मुख्य आरक्षी नीरज सिंह ने अपने पुलिसकर्मियों के साथ बाबा के दरबार में मत्था टेक कर क्षेत्र में अमन चैन बनाए रखने को लेकर आशीर्वाद मांगा और भंडारे का आयोजन कर लोगों को प्रसाद वितरित किया है।

### धूमधाम से निकाली शिव बारात

**मूड़ा सवारान।** ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत भैठिया के प्रसिद्ध देवस्थान रानीगंज से महाशिवरात्रि के मौके पर शिव बरात में देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। जगह-जगह शिव बरात का स्वागत किया गया। बरात में शामिल लोग हाथों में केसरिया झंडे लिए महादेव का जयघोष कर रहे थे। श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते नाचते गाते चल रहे थे। एक सजे वाहन पर दूल्हा बने भगवान शिव की सजीव झांकी की शोभा देखते ही बन रही थी। शिव बारात का आयोजन ग्राम प्रधान बेबी सोनी की ओर से किया गया। शिव बारात के समापन पर रानीगंज देवस्थान पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। बरात में सचिन सोनी, विकास सोनी, जियालाल, अभिषेक सोनी, जहेद्र, मुकेश, आदर्श, राजेश नंद, राजकुमार सोनी, मो. इबरान आदि रहे।


शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने को कतार में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार


भुईफोरवानाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।


द्वादश ज्योतिर्लिंगों का रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# महाशिवरात्रि : घंटा और घड़ियालों की ध्वनि से दिन भर गूंजते रहे शिवालय

## सड़कों तक गूंजा बम बम भोले का जयघोष, शहर में धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ निकली भोलेनाथ की बरात

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को जिले भर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। भोर से लेकर रात तक भक्त शिवालयों में जलाभिषेक करते रहे। मंदिरों से लेकर सड़कों पर भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। भक्तों ने शहर में शिव बरात निकाली। इसमें शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक से लेकर अन्य धार्मिक कार्यक्रम व भंडारे हुए।

शहर में महाशिवरात्रि को लेकर पिछले कई दिन से तैयारियां चल रही थीं। शुक्रवार सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के शिवालयों में जलाभिषेक करने से लेकर भोलेनाथ के दर्शनों के लिए भक्तों की कतार लगी रही। लिलोटीनाथ, जंगलीनाथ मंदिर के अलावा फारेस्ट कॉलोनी सहित शहर के अन्य शिवमंदिर पहुंचकर भक्तों ने विधि विधान से जल एवं दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र, बेर, धतूरे, भांग, फूल आदि अर्पित किए। शाम को गाजे-बाजे के साथ शहर में शिव बरात निकली। विभिन्न मांगों से होकर निकली बरात में शिवजी, माता पार्वती के साथ अन्य देवी-देवताओं और भूत प्रेत की सजीव झांकियां शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। रात को जागरण में महाआरती व भव्य श्रृंगार हुआ। उधर, पंजाबी कॉलोनी के ऋषि आश्रम में आचार्य राजेश शास्त्री ने शिवार्चन कराया तो देवकली तीर्थ स्थल में महंत प्रमोद दीक्षित ने भक्तों को रुद्राभिषेक कराया।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- सुबह से लेकर रात तक किया गया जलाभिषेक
- बेलपत्र, धतूरा, बेर व फूल आदि की हुई जमकर बिक्री

**भंडारे के साथ बांटी गई ठंडाई :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर में कई जगहों पर भंडारा हुआ। भक्तों ने भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शिव बरात में प्रसाद व ठंडाई का वितरण किया गया। ठंडाई का सेवन कर शिवभक्त भोलेनाथ का जयकारा लगाते रहे।


मितौली में शिव बरात में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

### मितौली में निकाली गई महाशिवरात्रि पर शिव बरात

**मितौली।** कस्बे में पौराणिक ठाकुर द्वारा से महाशिवरात्रि पर ओंम भोले शिव शक्ति कांवरिया सेवा समिति द्वारा मनमोहक झांकियों सहित संगीत मय प्रथम शिव बारात धूमधाम से निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ पूर्व प्रधान भाजपा नेता मास्टर दिनेश कुमार, कांवरिया सेवा समिति के अध्यक्ष अंशू शुक्ल, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप ने झांकी का प्रथम पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया। बारात में डॉ. प्रशांत शुक्ल, डॉ. आशीष गुप्त, ब्रजेश मिश्र, अमित गुप्त, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### पलिया के शिव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, किया जलाभिषेक



**पलिया कलां।** महाशिवरात्रि पर पलिया नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुबह से भारी भीड़ उमड़ी। भगवान शिव की पूजा. अर्चना कर रुद्राभिषेक किया। नगर के श्रीकुल सेवा संस्थान पर आचार्य गोविंद माधव मिश्र, नरेश गुप्ता, रामू वर्मा, सुनील गुप्ता, सोमेश माधव, अतुल गुप्ता, रमेश वर्मा, अभिषेक अग्रवाल सहित 51 श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पार्थिव शिवलिंगों की बेलपत्र, दुग्ध, गंगाजल, फूल, फल, मेवा, धतूरा, भांग, शमी पत्र, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से विधिवत पूजा-अर्चना की। मोहल्ला टेहरा के शिव मंदिर पर आलोक मिश्रा, रोहित मौर्य, सत्येंद्र पांडे, संजय शर्मा, रवि यादव आदि ने भंडारे में प्रसाद बांटा। संपूर्णानगर रोड पर स्व. अशोक गर्ग के पुत्रों द्वारा भंडारा कर प्रसाद बांटा गया। उधर, नगर के शिव श्रद्धालु युवाओं की संस्था भोले की फौज के प्रमुख पदाधिकारी आशीष गुप्ता, वरुण गुप्ता, सुधांशु गर्ग, विनीत गुप्ता, विकास बंसल, विनीत गुप्ता आदि ने शारदा नदी से पवित्र जल लाकर पांडे बाबा स्थान पर बने महाकालेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया और नगर में विविध झांकियों वाली भव्य शोभायात्रा निकाली। जबकि चीनी मिल मंदिर, ठाकुरद्वारा राम मंदिर, पीपल वाले शिव मंदिरए मोहल्ला किसान के शिव मंदिर आदि में भी श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। इसके अलावा संपूर्णानगर, मंहगापुर, चंदन चौकी, मझगई के शिव मंदिरों में भव्य पूजा-अर्चना की गई।

### माया का पर्दा हटने से होता है ईश्वर और जीव का मिलन

**पसगवां।** भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास पंडित पवन देव ने कहा कि माया के पर्दा बीच से हट जाने से ईश्वर और जीव का मिलन होता है। भागवताचार्य पवन देव यहां रुद्र महायज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा सुना रहे थे। उन्होंने कृष्ण की बाल लीलाओं को विस्तार से समझाते हुए कहा कि कृष्ण ने मथुरा में आतंक बने कालिया नाग का मान मर्दन की कथा सुनाई। रुद्र महायज्ञ में भगवान शिव का जल और दुग्ध से सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक में लगभग 150 श्रृद्धालुओं ने हिस्सा किया। जिसमें मोहम्मदी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विवेक कुमार शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ला, विनय शुक्ला, दीपू, अरविंद शुक्ला आदि शामिल रहे।


पसगवां में श्री रुद्र महायज्ञ में सामूहिक रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### साईं धाम मंदिर में किया गया जलाभिषेक

**भानपुर/भीरा।** क्षेत्र के गांव बोझवा स्थित साईं धाम में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं को लेकर शिव मंदिरों में पहुंचे और श्रद्धा भाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मनोतियां मांगी। यहां द्वादश ज्योतिर्लिंगों की महाशिवरात्रि पर 101 जोड़ों ने विविध सामग्री से पूजन कर रुद्राभिषेक किया। मंदिर के संस्थापक सतेंद्र शर्मा ने बताया कि यहां शिवरात्रि पर हर साल एक सौ एक जोड़े पूजा-अर्चना करते हैं। सभी ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। मंदिर के व्यवस्थापक अमित तिवारी, मनीषा तिवारी, स्मृति महाविद्यालय के प्रधानाचार्य बीडी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### बेहड़ा बाबा मंदिर पर की हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

पड़ोसी देश नेपाल की सीमा के निकट स्थित प्रसिद्ध बेहड़ा बाबा स्थान के प्राचीन शिवलिंग वाले मंदिर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर लाखों दीप प्रज्ज्वलित किए गए। यहां नेपाल सहित भारत से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

### गौरीशंकर मंदिर में यज्ञ व संत सम्मेलन शुरू

**बेहजम।** कस्बे के पौराणिक बाबा गौरीशंकर मंदिर परिसर में रुद्र महायज्ञ व मानस संत सम्मेलन पंडित राजेश शास्त्री की अगुवाई में शुरू हुआ, जो रविवार पूर्णाहुति हवन, पूजन, कन्या भोज व विशाल भंडारे के साथ समाप्त होगा। मानस मर्मज्ञ पवनेश महाराज ने भगवान श्रीराम, भोलेनाथ और भगवान श्रीकृष्ण की कथाएं सुनाईं। शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तों ने रुद्राभिषेक कर भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान बाबा गौरीशंकर मंदिर के पुजारी पंडित संतोष अवस्थी, संजय दीक्षित, आदर्श मिश्रा, रामशंकर पांडेय आदि रहे।

# हर-हर महादेव के घोष से गूंजी छोटी काशी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर्व पर पौराणिक शिव मंदिर में सुबह से देर शाम तक बम-बम भोले, हर-हर महादेव और जय शिवशंकर के जयघोष गूंजते रहे। शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए लम्बी लगी लाइनों में श्रद्धालुओं के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर पर तमाम पुलिस बल तैनात रहा।

छोटी काशी के पौराणिक शिव मंदिर पर सुबह चार बजे कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मंदिर में घंटा घड़ियाल की ध्वनि, हर-हर महादेव और बम भोले का जयघोष गूंजता रहा। छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में शिवजी का पौराणिक शिव मंदिर है, जहां दर्शन के लिए दूर दराज से श्रद्धालु आते हैं। महाशिवरात्रि पर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी-लम्बी लाइन होने के बावजूद भी शिवभक्तों ने धैर्य के साथ दिव्य शिवलिंग का जलाभिषेक कर फल, पुष्प, मिष्ठान, चंदन, दूध, गंगाजल, अक्षत, बेलपत्र, धतूरा, भांग आदि अर्पित कर पूजा अर्चना कर मनौती मानी।

**मंदिर पर सुरक्षा की रही व्यापक व्यवस्था :** महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर शिव मंदिर परिसर, गोकर्ण तीर्थ, नीलकण्ठ मैदान, भूतनाथ मंदिर, शिवम चौराहा, अंबेडकर पार्क, अशोक चौराहा सहित सभी प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। दूर दराज़ से गंगाजल लेकर आए हजारों शिवभक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। अलीगंज रोड पर ई-रिक्शा चलना प्रतिबंधित किये गए थे, लेकिन ई-रिक्शा सवारियां ढोते रहे।

**ट्रेन पर श्रद्धालुओं की रही काफी भीड़ :** महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की ट्रेनों पर कम किराया होने के कारण आवक अधिक रही। दोपहर लखनऊ से चलकर मैलानी तक जाने वाली एक्सप्रेस और मैलानी से चलकर डालीगंज तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों में खासी भीड़ रही। श्रद्धालुओं के चढ़ने और उतरने में धक्का मुक्की भी हुई, लेकिन रेलवे के सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में बनाए रखा। सुबह पांच बजे के बाद दोनों ओर कोई ट्रेन न होने से दोपहर की ट्रेनों से श्रद्धालुओं का आना जाना रहा।


छोटी काशी के गोकर्ण तीर्थ में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शिव मंदिर के बाहर श्रद्धालु व तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

- जलाभिषेक करने को उमड़ा आस्था का सैलाब



गोकर्ण तीर्थ में जल विहार करते श्रद्धालु।

### गोकर्ण तीर्थ में नौका विहार का श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने स्वचालित नौका में बैठकर तीर्थ की परिक्रमा कर जल विहार का आनंद लिया। छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं में उत्साह इतना था कि जल विहार करने के लिए वह आधा घंटा तक इंतजार करते रहे। नाव जब पूरे तीर्थ की परिक्रमा कर वापस आई तो दूसरे श्रद्धालु सवार हुए।

### फकीर बाबा स्थित मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बिझौली।** जमुनाबाद फार्म के ब्लॉक नंबर दो में प्राचीन बरगद का पेड़ स्थान फकीर बाबा के नाम से विख्यात है। महाशिवरात्रि पर शुक्रवार की सुबह से ही मेले की धूम रही। श्रद्धालु शिवरात्रि पर फकीर बाबा स्थान पर शिवमंदिर में श्रद्धालुओं ने उल्ल नदी में स्नान कर हवन पूजन कर महादेव का रुद्राभिषेक किया, जो शाम तक जारी रहा। कन्याओं को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। वही खेल खिलौने और प्रसाद की दुकानें सजी रहीं। महेशचन्द्र कनौजिया, राजेश वर्मा, मलखान सिंह, प्रमोद वर्मा, विपिन सिंह, जसवंत सिंह सहित तमाम लोग व्यवस्थाओं के लिये मौजूद रहे।



### टेढ़ेनाथ मंदिर में शिवभक्तों ने की पूजा-अर्चना

**बग्घून।** गोमती नदी तट स्थित बाबा टेढ़े नाथ धाम में शिवरात्रि पर भक्तों ने गन्ना, बेर, बेलपत्र शिव लिंग पर चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर को भव्य रूप् से सजाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली मोहम्मदी और अमीरनगर चौकी का पुलिस बल तैनात रहा।

### हरिद्वार से पैदल आया कांवड़ियों का जत्था

खुटार से 20 कांवड़िया सुशील पांडेय और उमेश त्रिवेदी की अगुवाई में 25 फरवरी को हरिद्वार गंगाजल भरने गए थे। हरि की पौड़ी से 27 फरवरी को जल भरकर पैदल चलकर शिवरात्रि पर गोला शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। सुशील पांडेय व्रत रखकर और नंगे पैर हरिद्वार से पैदल चलकर गोला कांवड़ लेकर पहुंचे और जलाभिषेक किया।


पार्थिव शिवलिंग पर रुद्राभिषेक के दौरान एक साथ सपरिवार बैठे जोड़े। ● अमृत विचार

### 151 पार्थिव शिवलिंग पर किया रुद्राभिषेक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** देवकली तीर्थ के आचार्य पंडित राजेश मिश्र ने महाशिव रात्रि पर ऋषि आश्रम स्थित मंदिर में जनकल्याण के लिए 151 पार्थिव शिवलिंग पर रुद्राभिषेक कराया। शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे से रुद्राभिषेक शुरू किया गया। विवाहित जोड़ों ने संकल्प लेकर गंगाजल, दूध, दही, चंदन आदि से रुद्राभिषेक किया। आचार्यों में पं. अनुज मिश्रा, ज्ञानेश शास्त्री, बृजेश मिश्रा, सचिन शास्त्री, राजीव शुक्ला, अंशुमान मिश्रा, शिवमोहन, अरविंद शास्त्री और संपति मिश्रा आदि ने मंत्रोच्चारण किया। रुद्राभिषेक में प्रमुख यजमान प्रेमशंकर अग्रवाल, देशदीपक अग्रवाल, संजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, डॉ. निमेश शुक्ला, उमेश शुक्ला, संजय गुप्ता, अशोक तोलानी, राजेश वर्मा, आशीष शुक्ल आदि शामिल हुए।

# महाशिवरात्रि पर छोटी काशी में निकली शिव बरात



शिव बरात में शामिल बराती। ● अमृत विचार

- मनमोहक झाकियों ने मोहा मन गूंजे महादेव के जयकारे


शिव बारात में सजी शंकरजी की झांकी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर्व पर शाम को नीलकंठ मैदान से धूमधाम से शिव बरात आकर्षक जीवंत झाकियों, डीजे, बैंडबाजे और रोड लाइट के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल रहे। पौराणिक शिव मंदिर के पास नीलकंठ मैदान से मनोहरी कला केंद्र के कलाकारों ने शिव, पार्वती, गणेश, लक्ष्मी, विष्णु आदि देवी-देवताओं की झांकियां निकाली।

बैंडबाजों की धुन पर भक्त नाचते गाते, अबीर, गुलाल उड़ाते, पुष्प वर्षा करते हुए बराती चल रहे थे। डीजे, रोडलाइट के साथ शिव बरात निकाली जो नीलकंठ मैदान से शुरू होकर अंबेडकर पार्क, अलीगंज रोड, अशोक चौराहा, मोहम्मदी रोड, डायवर्जन रोड, खुटार रोड, मिल रोड होकर पौराणिक शिव मंदिर पर बारात का समापन हुआ। नगर के तमाम स्थानों पर बारारियों का ठंडाई और प्रसाद से स्वागत किया गया। शिव बरात में मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, सर्राफा कमेटी अध्यक्ष रामजी रस्तोगी, रामगुलाम पांडे, पंकज गुप्ता, शोभित सिंह, दीपक मिश्रा, विजयप्रकाश मिश्र, आशुतोष गिरि, कुणाल गिरि, शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, सुरेश ठाकुर, सचिन सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

